## खबर संक्षेप

### आज आएंगे शारदा द्वारिकापुरी शंकराचार्य शिवराजपुर



**सतना।** भागवत महापुराण के हर श्लोक में उत्तम श्लोक श्री कृष्ण का निवास होता है यह सिद्ध ग्रंथ है इसके पाठ एवं श्रवण करने से मानव में दैवीय गुणों का समावेश हो जाता है। भागवत के बारह स्कंध भगवान श्री कृष्ण के 12 अंग हैं दहलान धाम सरकार शिवराजपुर में धर्मवीर पं रुद्र प्रताप त्रिपाठी द्वारा आयोजित रुद्र महायज्ञ में भागवत कथा के पंचम दिवस महाराष्ट्र से आये हुए रामायण भागवत शिवपुराण एवं वाल्मीकि रामायण के मर्मज्ञ विद्वान मानस महारथी पं निर्मल कुमार शुक्ल ने व्यक्त किया। श्री त्रिपाठी ने बताया महायज्ञ में पश्चिमाम्नाय द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाभाग जी का आगमन हो रहा है।शंकराचार्य महाभाग दो दिनों तक शिवराजपुर में निवास करेंगे तथ उनका अमृत उपदेश श्रवण करने का सौभाग्य श्रोताओं को सुलभ होगा। इस भव्य आयोजन के यजमान पं चंद्रशेखर त्रिपाठी गोविंदा गर्ग ने समस्त क्षेत्र वासियों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर कथामृत पान करने का आग्रह किया है।

### ट्रांसपोर्ट ऑफिस से 1 लाख 83 हजार किये पार

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरैनी स्थित ट्रांसपोर्ट कार्यालय में चोरो ने वारदात को अंजाम देते हुए बड़ी मात्रा में नकद रूपये पार कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार बाबा मोहनदास ट्रांसपोर्ट कंपनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर अलमारी में रखे 1,83,100 रुपये नकद चोरी कर लिये। शिकायतकर्ता भुवनेश्वर शर्मा 52 वर्ष निवासी मीरानाम कॉलोनी ने पुलिस को बताया कि चोरी की यह घटना 8 फरवरी की रात 10:00 बजे से 9 फरवरी की सुबह 07:00 बजे के बीच हुई। ट्रांसपोर्ट ऑफिस पुरैनी स्थित बाबा ढाबा के सामने स्थित है। जब सुबह ऑफिस खोला गया, तब चोरी का पता चला। पुलिस चोरो की पतासाजी के प्रयास में जुटी है।

### अलग अलग स्थानों से पकड़े गये 12 जुआरी

**कटनी।** एन.के.जे. और बड़वारा पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर जुआ खेल रहे 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जुआरियों के पास से नगदी और ताश के पत्ते भी बरामद किये हैं। जानकारी के अनुसार एन.के.जे. पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना पर ग्राम देवराखुर्द के मैदान में चल रहे जुए के दो फड़ों में दबिश दी। पुलिस को देख जुआरियों ने भागने की कोशिश की जिनको घेराबंदी कर पकड़ा। पुलिस ने जिन लोगों को पकड़ा है उनमें रहबर खान 30 वर्ष, शईम खान वर्ष, और खलील खान वर्ष, निवासी जुगियाकाप शामिल हैं। इनके पास से 280 रुपये और ताश बरामद किए गए।

---

**बच्चों को घटिया खाना,सुविधाएं शून्य,वहीं प्रशासन मौन**

# जुड़वानी स्कूल में मध्यान्ह भोजन बना 'कमाई का धंधा'

**मैहर।** मैहर जिले के जुड़वानी ग्राम पंचायत अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुड़वानी (संकुल केंद्र-लटागांव,विकासखंड-मैहर) में बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ सामने आया है। शासन की महत्वाकांक्षी मध्यान्ह भोजन योजना जिसका उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार देना है यहां भ्रष्टाचार और लालच की भेंट चढ़ चुकी है। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली समूह की अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं कि मध्यान्ह भोजन को बच्चों की थाली से उठाकर कमाई का जरिया बना लिया गया है। शासन द्वारा हर दिन के लिए अलग-अलग मीनू निर्धारित हैं लेकिन यहां पर हकीकत में मीनू कागजों तक सीमित है। बच्चों के द्वारा अभिभावकों बताया जाता है कि विद्यालय में मिलने वाले भोजन में न तो ढंग की दाल मिलती है,न चावल,न सब्जी वहीं अचार,पापड़ और सलाद तो शायद बच्चों ने कभी देखा ही नहीं है। बच्चों के बताया जा रहा है कि दाल में पानी ज़्यादा,दाल कम, इसी तरह सब्जी में सब्जी कम,पानी और हल्दी ज़्यादा,तेल और मसाले का तो नामोनिशान तक नहीं रहता है।





बीते मंगलवार को जब जुड़वानी स्कूल में मीडिया टीम पहुंची तो हालात और भी चौंकाने वाले निकले। देखा गया कि कक्षा 1 से 10 तक के बच्चे पढ़ते हैं लेकिन भवन,स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। विद्यालय में पानी की टंकियां लगी हैं पाइप भी बड़ी संख्या में हैं लेकिन एक भी टोंटी (नल) नहीं लगे है जिसके चलते मजबूरन बच्चों को गंदगी से पटे हैंडपंप का पानी पीने को मजबूर हैं। सवाल यह है कि जब पूरी व्यवस्था मौजूद है तो पानी की टोंटी क्यों नहीं?



### फेंका गया भोजन कुत्ते भी नहीं खाते

यह भी देखा गया कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इतनी खराब पाई गई कि कुछ बच्चों के द्वारा न खाने लायक मध्यान्ह भोजन को फेंक दिया था उस मध्यान्ह भोजन को कुत्तों ने उसे खाना पसंद नहीं किया। विद्यालयों में लाखों का वेतन उठाने वालों को बच्चों के मध्यान्ह भोजन को भी कमाई का जरिया बना लिया है इससे बड़ी शर्म की क्या बात होगी। इतना बड़े-बड़े छात्र छात्राएं या तो डर के कारण खाना खा रहे थे या मजबूरी में खा रहे है।जिन बच्चों को पढ़ाने के लिए शासन उनकों लाखों रुपए देती है वहीं बच्चों को पढ़ाई में व्यवधान न उत्पन्न हो इसलिए मध्यान्ह भोजन दिया जाता है कि कोई भी स्कूली बच्चों भूखों न पढ़े लेकिन जुड़वानी विद्यालय में इस प्रकार दृश्य किसी भी संवेदनशील समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन छोटे छोटे छात्रों से थाली भी धुलवाई जाती है।

### कमीशन के कारण नही होती जांच

ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि इसकी जांच नहीं होती है क्यों कि यह कमीशन से पास होता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार,शिक्षा विभाग का मुख्यालय दूर होने का फायदा उठाकर जांच से बचने का खेल खेला जा रहा है। आरोप है कि कमीशन के दम पर अधिकारियों को स्कूल तक पहुंचने नहीं दिया जाता और बच्चों के मध्यान्ह भोजन के नाम पर खुली लूट मची हुई है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस खबर के बाद मैहर जिला प्रशासन की नींद खुलेगी या फिर मासूम बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन का चल रहा भ्रष्टाचार यूं ही चलता रहेगा।अब देखना यह है कि प्रशासन कार्रवाई करता है या फिर इस मध्यान्ह भोजन के भ्रष्टाचार पर भी चुप्पी साध ली जाती है।

---

# चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश में छात्रा की मौत



**सतना।** रेलवे स्टेशन पर बुधवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर एर्नाकुलम एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास में 25 वर्षीय एक छात्रा ट्रेन के नीचे आ गई। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह 4:25 बजे का है। जीआरपी से प्राप्त जानकारी के अनुसार,रीवा जिले के लालगांव गढ़ थाना क्षेत्र की रहने वाली अंजलि साकेत पिता चंद्रमणि साकेत एर्नाकुलम एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22670 पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन प्लेटफॉर्म से रवाना हो चुकी थी। रफ्तार पकड़ती ट्रेन को देख अंजलि ने दौड़कर कोच में चढ़ने की कोशिश की। इस दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे पटरियों के बीच जा गिरी। यात्रियों के शोर मचाने पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। अंजलि को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया,लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मोबाइल और टिकट से हुई पहचान

शुरुआत में मृतका की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस को लगभग सात घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। अंजलि के पास मौजूद मोबाइल को खंगाला गया।मोबाइल में सतना से एर्नाकुलम का ऑनलाइन आरक्षित टिकट मिला। मोबाइल नंबर के जरिए दोपहर 12 बजे के बाद परिजनों से संपर्क हो सका। परीक्षा देने जा रही थी छात्रा परिजनों ने बताया कि अंजलि रीवा के शासकीय कॉलेज में एमए फाइनल ईयर की छात्रा थी। वह किसी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए एर्नाकुलम जा रही थी। दोपहर बाद सतना पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

---

# सतना कैरिज वैगन सेमीफाइनल में: रेलवे 11 को 9 विकेट से दी करारी शिकस्त

**सतना।** रेलवे मनोरंजन सदन के तत्वाधान में आयोजित आरपीएल प्रतियोगिता में आज सतना कैरिज वैगन ने एकतरफा मुकाबले में रेलवे 11 को हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।





**सतना** कैरिज वैगन ने टास जीता और पहले गेंदबाजी का फैसला किया। रेलवे 11,15 ओवरों में 9 विकेट खोकर 66 रन। सतना कैरिज वैगन मात्र 5 ओवरों में 1 विकेट खोकर 67 रन बनाए। सतना कैरिज वैगन 9 विकेट से विजयी रही। रेलवे 11 की ओर से विपिन सिंह ने 31 और सुख नारायण ने 14 रनों का योगदान दिया,लेकिन सनी यादव की घातक गेंदबाजी (4 विकेट) के सामने पूरी टीम पस्त हो गई। नीरज कुमार और पुष्पेंद्र यादव ने भी 2-2 विकेट झटके।जवाब में उतरी सतना कैरिज वैगन की टीम ने आक्रामक शुरुआत की। मदन (34 रन) और सचिन (21 रन) की पारियों की बदौलत टीम ने महज 5 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। रेलवे 11 की ओर से एकमात्र विकेट ओमप्रकाश को मिला। घातक गेंदबाजी के लिए सनी यादव को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मैच के मुख्य अतिथि पश्चिम मध्य रेलवे मजदूर संघ के कोषाध्यक्ष दीपक गौतम रहे। मनोरंजन सदन के सचिव यादवेंद्र सिंह एवं कोषाध्यक्ष नीरज राज ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया।अंपायर अखिलेश एवं पुष्प दत्त, स्कोरर विनोद कुमार कमेंट्री नीरज राज,मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी रहे। टूर्नामेंट कमेटी के अनुसार,कल सुबह 9:00 बजे लोको बनाम सतना 11 पीवे के बीच रोमांचक भिड़ंत होगी।

---

**कार्रवाई नहीं हुई तो थाने और एसडीएम दफ्तर में होगी तालाबंदी**

# रामपुर बाघेलान में पुलिस-प्रशासन के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, 7 दिन का अल्टीमेटम

### पुलिस पर नेताओं के दबाव में काम करने और झूठे केस दर्ज करने का आरोप

**सतना।** जिले के रामपुर बाघेलान में कानून व्यवस्था की बदहाली और प्रशासनिक अनदेखी के खिलाफ ग्रामीणों ने मोर्चा खोल दिया है। चोरी,लूट और अपहरण जैसी गंभीर घटनाओं का खुलासा न होने से नाराज सैकड़ों ग्रामीणों ने बस स्टैंड पर जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित जनता ने पुलिस महानिदेशक और रीवा संभाग आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 दिनों के भीतर उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो क्षेत्र में उग्र आंदोलन,भूख हड़ताल और तालाबंदी की जाएगी। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि पुलिस निष्पक्ष जांच करने के बजाय क्षेत्रीय नेताओं के इशारों पर काम कर रही है। ज्ञापन में बताया गया कि क्षेत्र में कई बड़ी चोरियां हुईं,जिनमें पड़रिया 10 लाख रुपये की चोरी। कृष्णा गौतम के घर 3 लाख की नकदी व जेवरात। अर्जुन सोनी की दुकान 5 लाख की चोरी। इसके बावजूद पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं।

### गौवंश हत्या और अपहरण

प्रदर्शनकारियों ने कानून व्यवस्था पर प्रहार करते हुए कहा कि वार्ड क्रमांक 5 में गौवंशों की हत्या और एक आदिवासी युवती के अपहरण जैसी संवेदनशील घटनाओं पर भी प्रशासन मौन है। इन घटनाओं ने स्थानीय लोगों में असुरक्षा और भय का माहौल पैदा कर दिया है। टोल प्लाजा और आवारा पशु सिर्फ पुलिस ही नहीं,ग्रामीण राजस्व विभाग से भी खासे नाराज हैं। ग्रामीणो रूहिया-बेला टोल प्लाजा द्वारा ग्रामीणों का रास्ता बंद किए जाने का कड़ा विरोध। योजना में भ्रष्टाचार और अनियमितता की उच्च स्तरीय जांच की मांग। आवारा पशुओं द्वारा बर्बाद की जा रही फसलों के लिए पुख्ता इंतजाम। प्रशासन ने जांच का आश्वासन तो दिया है,लेकिन ग्रामीण अपनी 7 दिन की समय सीमा पर अड़े हुए हैं।ग्रामीणों का कहना है कि अब केवल बातों से काम नहीं चलेगा,जमीन पर कार्रवाई दिखनी चाहिए।



---

# किला मार्ग की बदहाल सड़क बनी श्रद्धालुओं की परेशानी का कारण

**15 तारीख को शिवरात्रि में गोलामठ में लगने वाले मेले के पहले मरम्मत कराने की मांग**



**मैहर।** मैहर किला के बगल से होकर गुजरने वाली सड़क जो विष्णु सागर से पानी निकासी के लिए डाले गए ढोलों (पाइपों) के कारण पूरी तरह बाधित हो गई है,आज क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। सड़क निर्माण के दौरान ढोला डालकर रास्ते को बंद कर दिया गया लेकिन उसके बाद सड़क को सुचारू रूप से दुरुस्त नहीं किया गया,जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। गौरतलब है कि 15 तारीख को महाशिवरात्रि का पावन पर्व है।

इस अवसर पर गोला मठ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रतिवर्ष भव्य मेले का आयोजन होता है। मेले के दौरान आसपास के गांवों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोलेनाथ के दर्शन के लिए इसी मार्ग से मंदिर पहुंचते हैं। यह मार्ग पुरानी बस्ती,चौरसिया मोहल्ला,मालियां टोला, उत्तर दरवाजा,रहीम चौक सहित समस्त क्षेत्रों के लोगों के लिए मुख्य रास्ता है। सड़क की वर्तमान स्थिति इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। गड्ढों,मिट्टी और अधूरे निर्माण के कारण बुजुर्गों,महिलाओं और बच्चों को विशेष परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते सड़क को ठीक नहीं किया गया तो महाशिवरात्रि मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रमेश प्रजापति मुन्ना ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि 15 तारीख से पहले इस सड़क को समतल कर सुचारू रूप से दुरुस्त किया जाए,ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के मंदिर पहुंच सकें और मेले का आयोजन व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।लोगों का कहना है कि आस्था से जुड़े इस महत्वपूर्ण आयोजन को देखते हुए प्रशासन को संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।अब देखना यह है कि महाशिवरात्रि जैसे बड़े धार्मिक आयोजन से पहले जिम्मेदार विभाग सड़क को दुरुस्त कर श्रद्धालुओं को राहत दे पाते हैं या नहीं।

---

# खनिज एवं परिवहन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए 4 वाहन



**मैहर।** कलेक्टर मैहर श्रीमती रानी बाटड़ के निर्देशानुसार खनिज एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से खनिज परिवहन कर रहे वाहनों की जांच भदनपुर,मैहर एवं अमरपाटन क्षेत्र में की गई। जांच के दौरान थाना कोतवाली अंतर्गत परिवहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए 04 वाहनों को जिला परिवहन अधिकारी द्वारा जप्त कर चलानी कार्रवाई की गई। इसी क्रम में अमरपाटन थाना क्षेत्र में अवैध खनिज परिवहन की जांच के दौरान 04 वाहन क्रमशःएमपी-17-जेडबी-6125,यूपी-90-टी-3129,एमपी-19-एचए-4535 एवं एमपी-18-जीए-3928 अवैध खनिज परिवहन करते हुए पाए गए। सभी वाहनों को जप्त कर सुरक्षार्थ थाना अमरपाटन में खड़ा कराया गया है। सभी प्रकरणों को दर्ज कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उक्त कार्रवाई के दौरान खनिज विभाग से सहायक खनिज अधिकारी तथा परिवहन विभाग अधिकारी उपस्थित रहे।

---

# युवाओं ने गर्मजोशी से किया युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का स्वागत



**मैहर।** बुधवार के दिन युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर अपने समर्थकों और भाजयुमो टीम के साथ सड़क मार्ग से रीवा से अमरपाटन होते हुए मैहर पहुंचे जहां पहाड़ी मोड़ पर सर्वप्रथम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रचित तिवारी वा उनकी टीम द्वारा भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का माता शारदा की प्रतिमा वा चुनरी भेंट कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में स्टेट बैंक चौराहे में मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा दिलीप पटेल ने भी समर्थकों के साथ स्वागत किया। आगे क्रम में घंटाघर चौराहे में प्रिंस शर्मा,बंधा बेरियर में विनय पांडे,सूरज पांडे,विपिन गौतम आदि भाजयुमो मोर्चा के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का स्वागत किया। उक्त अवसर पर आदित्य शुक्ला,पारस तिवारी,सुजीत शिवहरे,आशीष मिश्रा,नीलेंद्र दुबे, अंकुर सिह,कुलदीप दुबे,अभिलाष साहू,संजीव विश्वकर्मा,सत्यम द्विवेदी सहित सैकड़ों मैहर जिला के युवा मोर्चा के सदस्य गणों ने श्याम टेलर का स्वागत किया।

---

# धूमधाम से मनाया गया पद्मश्री दाहिया का जन्मदिन



**सतना।** जिले के वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री बाबूलाल दाहिया का जन्मदिन सतना विधायक सिद्दार्थ कुशवाहा डब्बू की उपस्थिति में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके दीर्घायु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।इस दौरान जनपद सदस्य रमेश कुशवाहा,दाहिया समाज के प्रदेशअध्यक्ष अनिल दाहिया,संभागीय सचिव सोनू दहायत,जिलाध्यक्ष राजेंद्र दाहिया,डॉ दिलीप द्विवेदी, बलिराम सिंह,इंद्रपाल सिंह,शिक्षक सुरेश दाहिया,बीएल दाहिया,एम एल वर्मा,बृजेंद्र दाहिया,सुरेन्द्र दाहिया, मानती,विद्या दाहिया,योगिता दहायत पूर्व पार्षद अरुणा एवं रामबालक,रावेंद्र सहित रामबिहारी परौहा, ओमप्रकाश त्रिपाठी,सतवत सिंगरौल,गिरिजा कुशवाहा सचिव,सहित जिले के विभिन्न तहसीलों से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम उपरांत अतिथियों ने श्री दाहिया द्वारा विकसित किए गए परम्परागत अनाजों के बीज बैंक व कृषि आश्रित समाज के भूले विसरे उपकरणों के संग्रहालय का अवलोकन भी किया।

---



# अड़ीबाजी और मारपीट करने वाले तीन बदमाश चढ़े कोलगवां पुलिस के हत्थे

**सतना।** शहर में शांति व्यवस्था भंग करने और आमजन के साथ अड़ीबाजी व मारपीट करने वालों के खिलाफ कोलगवां पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस ने इलाके में दहशत फैलाने वाले तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

बादल उर्फ सागर विश्वकर्मा 26 वर्ष,विजय श्रीवास्तव 31 वर्ष,पंकज वर्मा उर्फ कल्लू 30 वर्ष है ये तीनों आरोपी जवान सिंह कॉलोनी के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद तीनों को माननीय न्यायालय में पेश किया,जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

---

# हर्ष फायरिंग मामले में आरोपी गिरफ्तार, मासूम का इलाज जारी



**सतना।** शहर के रिया मैरिज गार्डन में आयोजित एक समारोह के दौरान हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। 9 वर्षीय मासूम को गोली लगने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपी की पहचान राम प्रसाद यादव उर्फ पुरुषोत्तम 55 वर्ष,निवासी सिद्धार्थ नगर है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक जब्त कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है। फिलहाल,पुलिस इस मामले में संलिप्त अन्य फरार आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

# पन्ना-सतना मार्ग पर कृष्णा कंस्ट्रक्शन की मनमानी: 6 माह में मात्र 5 किलोमीटर सड़क निर्माण, यात्री और बस संचालक बेहाल

**पन्ना। जिले के पहाड़ी खेरा से सतना जिले के मझगवां-चित्रकूट को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग वर्तमान में यात्रियों और वाहन चालकों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। इस मार्ग के निर्माण का जिम्मा कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी के पास है, लेकिन कंपनी की कछुआ चाल और लापरवाही ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है।**





### निर्माण की धीमी रफ्तार और जाम का झाम-

मिली जानकारी के अनुसार, पिछले 6 महीनों से चल रहे निर्माण कार्य में कंपनी अब तक केवल 5 किलोमीटर सड़क का काम ही पूरा कर सकी है। कार्य की इस सुस्त रफ्तार के कारण आए दिन मार्ग पर घंटों लंबा जाम लगना आम बात हो गई है। सबसे बड़ी समस्या कंपनी के अपने खटारा वाहनों से हो रही है, जो बीच सड़क पर खराब होकर खड़े हो जाते हैं, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो जाता है।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग-

क्षेत्रीय जनता और बस संचालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि कृष्णा कंस्ट्रक्शन कंपनी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए और निर्माण कार्य की गति बढ़ाकर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस नारकीय स्थिति से निजात मिल सके।

### बस संचालकों और यात्रियों को भारी नुकसान-

सड़क की बदहाली का सबसे अधिक प्रभाव यात्री बसों पर पड़ रहा है आर्थिक नुकसान घंटों जाम में फंसे रहने के कारण बस संचालकों का डीजल बर्बाद हो रहा है और समय पर गंतव्य तक न पहुँचने से सवारियां भी कम हो रही हैं। अधूरी और उबड़-खाबड़ सड़क के कारण बसों सहित अन्य छोटे-बड़े वाहनों के टायर फटने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे वाहन स्वामियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। चित्रकूट दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं और दैनिक यात्रियों को इस भीषण गर्मी और धूल भरे माहौल में घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही सड़क की गुणवत्ता भी मानकों के अनुरूप नहीं है। निर्माण कार्य में लापरवाही साफ़ देखी जा सकती है, जिससे भविष्य में सड़क के जल्द उखड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार अपनी मनमानी पर उतारू है और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

## उप जेल पवई में हुए श्री 105 विजिज्ञासा माता जी के मंगल प्रवचन

# कैदियों को पश्चाताप कर अच्छे कर्म का दिया गया संदेश

### जेल प्रशासन द्वारा कैदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं की सराहना की

पवई।

**दिगंबर जैन परंपरा के एक महान संत, तपस्वी और आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या श्री 105 विजिज्ञासा श्री माताजी और आर्यिका संघ के द्वारा बुधवार को उप जेल पवई में बंद कैदियों के लिए मंगल प्रवचन का आयोजन किया गया।**





श्री माताजी के द्वारा कारागार को सुधार गृह बताया गया,जहां व्यक्ति आकर के अपनी गलतियां को मानते हुए अपने आप को सुधारने का कार्य करता है। उन्होंने कैदियों को भगवान राम को हुए कष्ट,माता सीता को हुए कष्ट,राजा दशरथ माता कैकई के द्वारा किए गए सभी कर्मों को उनके द्वारा किए गए पूर्व में कार्यों की गलती बताया जिसकी वजह से उन्हें कष्ट हुआ। लेकिन उन्होंने इन सब के लिए खुद के कर्मों को कहा। साथ ही उनके द्वारा पश्चाताप कर अपने गलती को स्वीकार कर सुधारने का उदाहरण सभी के सामने प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम सर्वज्ञ हैं। राम को मानना और राम की मानना दोनों में अंतर है, इसलिए हमें राम को मानने के साथ-साथ राम के आदर्शो को भी मानना चाहिए। मंगल प्रवचन के बाद श्री माताजी के द्वारा जेल परिसर में बने अस्पताल, वाटिका,उद्यान भोजन कक्ष आदि स्थानों का भ्रमण किया और कैदियों के लिए की गई सभी प्रकार की सुविधा के लिए जेल प्रशासन और जेल अधीक्षक की भूरी भूरी सराहना की। इस अवसर पर एसडीएम समीक्षा जैन,जेल अधीक्षक मुनींद्र मिश्रा सहित जैन समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## दलित महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

पन्ना।

कार्यालय जिला अभियोजन संचालनालय पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है कि, दिनांक 07.05.2024 को अभियोक्त्री जंगल में जब बकरियां चरा रही थी तभी अचानक पीछे से आरोपी रामबाबू शर्मा ने आकर उसका मुंह दबा लिया और वहीं पर पटक दिया, वह जमीन पर गिर गयी फिर जबरजस्ती उसकी मर्जी के बिना आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया। अभियोक्त्री चिल्ला रही थी तो आरोपी ने उसके मुंह में ठूसा मारा और बोला कि ज्यादा चिल्लायेगी तो तुझे जान से खत्म कर दूंगा। आरोपी रामबाबू, अभियोक्त्री के साथ जबरजस्ती गलत काम कर रहा था तभी उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर जंगल तरफ से अन्य लोग आ गये जिसे देखकर आरोपी वहां से भाग गया और जाते समय आरोपी कह रहा था कि यदि तूने घटना के संबंध में किसी को बताया तो जान से खत्म कर दूंगा। फरियादिया की उक्त रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरूद्ध महिला पुलिस थाना पन्ना में अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। घटना स्थल का नक्शामौका बनाया गया, साक्षीगणों के कथन लेखबद्ध किये गये। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम दृष्टया अपराध किया जाना प्रमाणित पाये जाने पर अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय श्रीमान प्रदीप कुशवाहा, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी एक्ट) पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक/सहायक निदेशक अभियोजन श्रीमती डॉ. ज्योति जैन द्वारा की गयी। अभियोजन द्वारा साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी- रामबाबू शर्मा के विरूद्ध अपराध को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी के कृत्य को गंभीरतम श्रेणी का मानते हुये कठोर से कठोरतम दंड से दंडित किया जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी-रामबाबू शर्मा को धारा 3(2)(अ) एससी/एसटी एक्ट में आजीवन सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड, अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास के दण्ड से एवं धारा 323 भादंसं. में 03 माह का सश्रम कारावास एवं 200 रूपये के अर्थदण्ड से एवं अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर 15 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया।



## ग्राम पंचायत जेतुपुर, उदयपुर और बीहरपुरवा में विकास कार्यो का पन्ना विधायक ने किया भूमिपूजन व लोकार्पण

**अजयगढ।** पन्ना के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने अजयगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जेतुपुर में जनता के लिए बड़ी सौगातें दीं। इस मौके पर उन्होंने 25 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आधुनिक सामुदायिक भवन का भव्य भूमिपूजन किया। साथ ही 24 लाख 90 हजार रुपये की लागत से बनी मजबूत पुलिया का लोकार्पण 5 लाख 55 हजार रुपये की सीसी रोड का लोकार्पण 2 लाख रुपये की लागत से निर्मित शेड का भी लोकार्पण किया इसके उपरांत उन्होंने अपने उद्धबोधन में विधायक से सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को सड़क, बिजली, शिक्षा और अन्य विकास कार्यों की विस्तृत सौगात दी जा रही है । उन्होंने बताया कि सरकार की योजनाओं के तहत क्षेत्र में लगातार तेजी से काम हो रहा है और आने वाले समय में और भी बड़े प्रोजेक्ट्स लाए जाएंगे। उक्त कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, जेतुपुर सरपंच अरबिंद पटेल, मंडल अध्यक्ष सुरेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, जिला जनपद प्रतिनिधि बृन्दावन पटेल, अवध तिवारी, संतराम मिश्रा, उदयपुर सरपंच गिल्ली बाई राजपुत, लोकेंद्र राजपूत, भूपेंद्र सिंह परमार, बीहरपुरवा सरपंच सरोज पटेल,पप्पू पटेल ,फरस्वाहा सरपंच हेतराम यादव पंचायत इंस्पेक्टर युगेश सिंह, इंजीनियर आशीष विश्वकर्मा सहित गणमान्य नागरिक व ग्राम की जनता मोजूद रहे।

## पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में मोटर सायकिल चोरी के मामले में सूचना के 24 घंटे के अंदर 1 आरोपी को किया गया गिरफ्तार

### आरोपी के कब्जे से चोरी की बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल कीमती करीबन 60 हजार रुपये की, जप्त की गई

अमानगंज।



पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र मे मोटर साइकिल चोरी के मामले में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के अंदर चोरी की गई मोटर साइकिल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। दिनांक 10.02.2026 को फरियादी अजय आदिवासी पिता शंकर आदिवासी, उम्र 20 वर्ष, निवासी ग्राम मझौली हाल गिदनपठा थाना अमानगंज द्वारा थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि दिनांक 09.02.2026 की शाम करीब 07:00 बजे उसने अपनी मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना 100 सीसी, रजिस्ट्रेशन नंबर डच्3र्5ठ8573 को अपने खेत में बने टपरा के पास खड़ी की थी। रात्रि में भोजन कर सो जाने के पश्चात जब वह सुबह उठा तो मोटर साइकिल वहां नहीं मिली। आसपास एवं गांव में काफी तलाश करने के बावजूद वाहन का कोई सुराग नहीं लगा। अज्ञात चोर द्वारा उसकी मोटर साइकिल चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले मे पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं थाना प्रभारी अमानगंज उनि. रवि सिंह जादौन के नेतृत्व मे थाना अमानगंज मे विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान घटनास्थल का सुक्ष्मता से निरीक्षण किया गया तथा आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखते हुए मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी दौरान पुलिस टीम को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक संदिग्ध व्यक्ति चोरी गई मोटर साइकिल के साथ रमपुरा बेरियल के पास देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई जहां रमपुरा बेरियल वन चौकी के पीछे जंगल क्षेत्र में घेराबंदी कर संदेही शम्भू आदिवासी पिता सुखलाल आदिवासी, उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम मझौली को चोरी गई मोटर साइकिल सहित पकड़ा गया। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिस पर उसने दिनांक घटना को फरियादी के खेत में टपरा के पास खड़ी उक्त बजाज प्लेटिना मोटर साइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटर साइकिल बरामद कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

**जप्त सामग्री-** आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बजाज प्लेटिना मोटर सायकिल रजिस्ट्रेशन क्रमांक डच्3र्5ठ8573 कीमती करीबन 60 हजार रुपये की जप्त की गई।

**सराहनीय योगदान-** उक्त कार्य़वाही मे थाना प्रभारी अमानगंज रवि सिंह जादौन, उनि. ईश्वर सिहं, सउनि प्रीतम सिंह ,प्र.आर. शिवम शर्मा, देवनारय़ण शुक्ला, आर. तुलसी, अखिल पाल, मुनेन्द्र, मेहरवान का सराहनीय योगदान रहा।

# ग्राम नैगुवा चौबियान में सामुदायिक भवन एवं शेड निर्माण कार्य का शुभारंभ

पन्ना।

**ग्राम पंचायत दिया के ग्राम नैगुवा चौबियान में आज 10 फरवरी 2026 को सामुदायिक भवन निर्माण एवं शेड निर्माण कार्य का भूमि पूजन पन्ना के लोकप्रिय विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सरपंच द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत फूल-मालाओं से किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दिया पंचायत में विकास कार्यों को सदैव सर्वोपरि मानते हुए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।**



उन्होंने बताया कि पंचायत को पहले ही दो सामुदायिक भवन एवं दो शेड निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। सरपंच राम शिरोमणि लोधी की सक्रियता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि पंचायत के प्रति उनकी मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज ग्राम नैगुवा में एक साथ दो नवीन विकास कार्यों का भूमि पूजन हो रहा है। विधायक जी ने ग्रामवासियों की भारी उपस्थिति की प्रशंसा करते हुए सभी का अभिवादन किया तथा ग्राम झंडा के ग्राम लालपुर में नए शेड निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पन्ना जनपद उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष धीरू बाजपेई, अहिरगवा सरपंच संजीव शुक्ला, रकसेहा सरपंच कालू दास, सिलधरा सरपंच प्रतिनिधि राजेश यादव, पहाड़ी खेड़ा सरपंच प्रतिनिधि राम शिरोमणि मिश्रा, लुरहाई सरपंच लक्ष्छू गोड, अरुण द्विवेदी, दादूराम गौतम, अश्विनी गौतम, विनोद द्विवेदी, प्रमोद पांडे, अनिल गौतम, प्रकाश त्रिपाठी, अरुण, राजकिशोर, मनोज, राजकरण, रंज्जन प्रसाद लोधी, हीरालाल लोधी, राम बहादुर लोधी,सोन राम लोधी, आशिक द्विवेदी, राम रुचि पांडे, छोटा ,बाला, गब्बू, महेश कुंवारे गोड, दरबारी गोड, मोतीलाल, गंगासाहू, सोन राम, जयपाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके साथ ही पन्ना जनपद के सीईओ श्री तिवारी जी, पंचायत अधिकारी घनश्याम शर्मा, उपयंत्री राकेश अरजरिया, सचिव राम नरेश शर्मा, रोजगार सहायक अंजली मिश्रा तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी, माताएं एवं बहनें कार्यक्रम में शामिल हुईं। अंत में ग्राम पंचायत दिया के सरपंच राम शिरोमणि लोधी द्वारा विधायक जी एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।






# बन्दर खोह में होगा अष्टादश 18 पुराणों का संगम, संत चिरइया बाबा होगा संकल्प पूरा

पन्ना।

पन्ना मुख्यालय से लगभग 23 किलो मीटर दूरी, पहाड़ीखेरा मार्ग सारंगपुर आश्रम के समीप बन्दरखोह सरकार में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संत श्री चिरइ्या बाबा जी के संकल्प सार्वजनिक 18 पुराणों की बैठक 18 ब्राह्मणों द्वारा वेद विदित दिव्य श्री रामकथा का आयोजन होगा। कथा का शुभारंभ 19 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसमें 18 पुराण पाठ सुबह 8 बजे से 12 बजे तक होंगे। श्री रामकथा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। विशाल भंडारा 28 फरवरी 2026, शनिवार को आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन ग्राम पंचायत इटवाखास, बंदरखोह (सारंग), जिला-पन्ना (म.प्र.) में बागे गंगा उद्यगम स्थली, पन्ना से पहाड़ीखेरा रोड पर अहिरगुवां सी में होगा। कथा व्यास श्री आनंद जी महाराज, अयोध्या धाम होंगे। अध्यक्ष श्री 108 श्री पंचमुखी हनुमान जी बंदरखोह सरकार और संरक्षक, सेवक संत श्री चिरईया बाबाजी हैं।

## खबर संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि



**अमानगंज।** नगर परिषद कार्यालय परिसर में बुधवार शाम 5 बजे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रसांत चतुर्वेदी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके विचारों और राष्ट्रसेवा के योगदान को स्मरण किया। वक्ताओं ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय जी का "एकात्म मानववाद" का सिद्धांत आज भी समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सारिका सारदा खटीक, दशरथ गुप्ता, संजय तिवारी, भूपेन्द्र सिंह, आनंद सिंह सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेकर किया गया।

### अमरछी रेत खदान पर प्रशासन का छापा, मचा हड़कंप



**अजयगढ़।** अजयगढ़ क्षेत्र के धरमपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमरछी रेत खदान पर बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए छापा मारा। इस संयुक्त कार्रवाई में पन्ना खनिज विभाग, अजयगढ़ राजस्व विभाग और पुलिस की टीम शामिल रही। छापेमारी की खबर मिलते ही क्षेत्र में सक्रिय रेत माफियाओं में हड़कंप मच गया। प्रशासनिक टीम ने मौके से कई एलएनटी मशीनें और डंपर जब्त किए हैं। कार्रवाई के दौरान खदान के सीमा विवाद को लेकर मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश प्रशासन के बीच कहासुनी भी हुई। बताया जा रहा है कि सीमा विवाद के चलते पकड़ी गई 2 एलएनटी मशीनें और 3 डंपर उत्तरप्रदेश प्रशासन को सुपुर्द किए गए, जबकि 2 एलएनटी मशीनें मध्यप्रदेश प्रशासन ने जब्त की हैं। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। प्रशासन द्वारा आगे की जांच और कार्रवाई जारी है।

### शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में एबीवीपी छात्रों का प्रदर्शन



**पन्ना।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय शाहनगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े छात्र-छात्राओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर विगत दिवस मंगलवार को प्राचार्य कक्ष में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि वे पिछले कई महीनों से महाविद्यालय में पेयजल हेतु वाटर कूलर, बेहतर फर्नीचर तथा स्वच्छ शौचालय व्यवस्था की मांग कर रहे हैं। इन मांगों को लेकर छात्रों द्वारा विधिवत ज्ञापन भी तैयार किया गया था। ज्ञापन लेने के लिए शाहनगर तहसीलदार कोमल चढ़ार महाविद्यालय पहुँची थीं, लेकिन छात्रों ने ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) राम निवास चौधरी को ही सौंपने की मांग पर अड़ गए। इसी कारण ज्ञापन नहीं सौंपा जा सका और छात्र बिना ज्ञापन दिए वापस लौट गए। छात्रों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगें पूरी नहीं की गईं तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। छात्रों ने बताया कि एसडीएम को पूर्व में सूचना दी गई थी, इसके बावजूद वे ज्ञापन लेने नहीं पहुँच सके। इस दौरान छात्रों द्वारा जमकर नारेबाजी भी की गई।

### किसान शैक्षणिक भ्रमण- 60 किसान चित्रकूट के लिए रवाना



**अमानगंज।** जे.के. सीमेंट पन्ना एवं जे.के. ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में किसान शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 60 किसानों का दल चित्रकूट के लिए रवाना हुआ। यह शैक्षणिक भ्रमण दो दिवसीय रहेगा, जिसमें किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत पशुपालन एवं जैविक खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। जानकारी के अनुसार यह भ्रमण दीनदयाल शोध संस्थान (क्त्, ङ्गटङ्ग) चित्रकूट में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को नई कृषि पद्धतियों से अवगत कराकर उनकी आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने की दिशा में प्रेरित करना है।

## पानी की बौछार करने पर आक्रोशित महिलाओं ने पुलिस पर फेंके पत्थर

# आधी रात को बिजावर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा, पहले पानी की बौछार फिर डंडो की मार और बाद में दर्ज की एफआईआर

छतरपुर

जिले के बिजावर कस्बे में आम आदमी पार्टी के अमित भटनागर की गिरफ्तारी के विरोध को लेकर मंगलवार को पूरे दिन आदिवासी समाज की महिलाओं ने तहसील के सामने धरना प्रदर्शन किया। रात तक पुलिस धरना प्रदर्शन खत्म होने का इंतजार करती रही लेकिन प्रदर्शन कारी अपनी मांग अमित भटनागर की रिहाई पर अड़े रहे। आधी रात को एडीशनल एसपी आदित्य पटले बिजावर पहुंचे जहां उन्होंने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रशासन पर शासन का इतना अधिक दबाव था कि किसी भी तरह रात को ही प्रदर्शन खत्म किया जाए। जब प्रदर्शनकारियों ने बात नहीं मानी और अमित भटनागर की रिहाई के लिए अड़े रहे तो पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर बितर करने के लिए आधी रात को कड़ाके की ठड़ी में पानी की बौछार की। जिससे प्रदर्शनकारी अपना आपा खो बैठे और महिलाओं ने पत्थर फैकना शुरू कर दिया। रात 1 बजे जब पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई और प्रदर्शनकारी नहीं हटे तो पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए डण्डा भांजे। जिस कारण रात को प्रदर्शनकारी भाग खड़े हुए। और स्थिति तनावपूर्ण



हो गई जिससे प्रशासन को अतिरिक्त बल बुलाना पड़ा तब कहीं स्थिति नियंत्रण में हुई।

### केन-बेतवा लिंक परियोजना नियम विरुद्ध मुआवजे की मांग पर एसडीएम बिजावर ने संपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी दी

केन-बेतवा लिंक परियोजना से संबंधित नियम विरुद्ध मुआवजे की मांग को लेकर विगत मंगलवार को बिजावर में हुए प्रदर्शन एवं घटनाक्रम के संबंध में एसडीएम बिजावर विजय द्विवेदी ने विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा आमजन को भड़काने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई पात्र व्यक्ति छूट गया है तो उसका सर्वे कर विस्तृत जांच की जाएगी और नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदर्शन के दौरान कुछ प्रदर्शनकारी बारातियों से भी उलझ गए तथा मार्ग अवरुद्ध कर आमजन को परेशान किया गया। आम नागरिकों की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत प्रशासन द्वारा वॉटर केनन का उपयोग किया गया। एसडीएम ने बताया कि अमित भटनागर द्वारा बिना पूर्व अनुमति धरना आयोजित किया गया था तथा लोगों को उकसाकर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई। इस कारण पुलिस द्वारा विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया। सक्षम न्यायालय द्वारा जमानत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु संबंधित पक्ष द्वारा जमानत प्रस्तुत नहीं की गई, जिसके पश्चात उन्हें जेल में निरुद्ध किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमविरुद्ध मांगों को स्वीकार नहीं किया जा सकता, परंतु सभी जायज मांगों एवं शासन द्वारा निर्धारित सहायता प्रदान करने के लिए प्रशासन पूर्णतः तत्पर है। अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ लोगों को समझाइश भी दी गई है।

## खबर संक्षेप




### बड़ामलहरा में बच्चों के विवाद ने लिया हिंसक रूप

**लाठी-डंडों व फरसे से हमला, एक युवक गंभीर रूप से घायल**

**छतरपुर**। जिले के बड़ामलहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 08 में बच्चों के बीच हुए मामूली खेल-खेल के विवाद ने बुधवार दोपहर को खूनी झड़प का रूप ले लिया। इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना के प्रत्यक्षदर्शियों और घायलों के परिजनों के अनुसार दोपहर करीब 1:30 बजे कल्ली खटीक (26 वर्ष) पुत्र हेतराम खटीक और मजले खटीक के बच्चे वीरू परमार के बच्चों के साथ खेल रहे थे। खेल के दौरान बच्चों में कहासुनी और छोटा-मोटा विवाद हो गया। परिजनों का आरोप है कि इसी छोटे विवाद को लेकर वीरू परमार, सुरेन्द्र परमार, उत्तम सिंह और विजय सिंह शराब के नशे में धुत होकर कल्ली खटीक के घर पहुंचे। आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा फरसे से जमकर हमला कर दिया। हमले में कल्ली खटीक और मजले खटीक को गंभीर चोटें आईं। क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद दोनों घायल बड़ामलहरा थाने पहुंचे, जहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक मेडिकल परीक्षण बड़ामलहरा अस्पताल में करवाया। गंभीर हालत में कल्ली खटीक को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया गया। कल्ली खटीक 11 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचे, जहां इमरजेंसी में ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर नीरज सोनी ने उन्हें ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया। बड़ामलहरा पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है और आरोपियों की तलाश कर रही है। फिलहाल क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### नगर पालिका के नाम पर अवैध वसूली का बड़ा मामला, दो आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर**। नगर पालिका के नाम पर बिना किसी ठेके के वाहनों से अवैध वसूली करने के आरोप में दो लोगों को नगरपालिका टीम ने पकड़ा है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजेन्द्र नायक और अनुज अवस्थी के रूप में हुई है। यह घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना नाका के वेयरहाउस के पास हुई, जहां वे फर्जी रसीदें काटकर वाहन चालकों से पैसे वसूल रहे थे। ट्रक चालकों ने बताया कि आरोपी गाली-गलौज करते हुए मारने तक दौड़ते थे। नगरपालिका की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए दोनों को हिरासत में लिया और पुलिस को सौंप दिया।

# कलेक्टर के निर्देश के बाद भी 3 दिन में पूरी नहीं हुई बुंदेलखंड गौशाला की जांच



**छतरपुर**। बुंदेलखंड की सबसे बड़ी गौशाला बुंदेलखंड गौशाला मऊसहानियां में गौवंश के साथ साथ जंगली जानवर सियार, और कुत्तों की मौत के बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर जांच कराने और गौशाला अध्यक्ष संजू पाठक को हटाकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की थी। जिस पर कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने तत्परता दिखाते हुए समिति गठित कर 3 दिन में जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन 3 दिन से अधिक का समय बीत चुका है। और अभी तक जांच पूरी नही हुई है। जबकि मृत गौवंश के पोस्टमार्टम में गौवंश के पेट में पालीथिन पाई गई थी। आखिर 84 एकड़ भूमि गौशाला में होने के बाद भी गौवंश भूख से मरा जो जांच का विषय है। एक ओर अधिकारी यह कह रहें है कि गौशाला में भूसा की पर्यात्त व्यवस्था है, तो वहीं दूसरी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट मे गौवंश के पेट से पालीथिन निकल रही है। जब गौवंश गौशाला से बाहर नहीं जाता, तो फिर पन्नी कहां से गौवंश के पेट में पहुंची। आदि सभी बिन्दुओं को जांच में रखा जाना चाहिए। जांच अनावश्यक विलम्ब होने से जांच टीम पर भी आरोप प्रत्यारोप लग रहे है। जहां तक जानकारी मिली है कि बागेश्वर धाम में आयोजित कार्यक्रम और बीआईपी डयूटी होने के कारण अधिकारी जांच नहीं कर पा रहें है।

### बुंदेलखंड गौशाला की भूमि पर गेहूँ बिकता रहा दूसरे के पंजीयन पर, जांच का विषय -

बुंदेलखंड गौशाला मऊसहानिया में पर्याप्त कृषि भूमि होने के कारण अधिक रकबे में गेहूँ की फसल बोई जाती है। और यह गेहूँ की फसल दूसरे के पंजीयन फर्जी बैचना दर्शाया जाता है, यह फर्जी बाड़ा सालों से चला रहा है, यह भी एक जांच का विषय है। बुंदेलखंड गौशाला मऊसहानिया नौगावं ब्लॉक के अंतर्गत आती है, लेकिन छतरपुर ब्लॉक के एक किसान के पंजीयन पर गेहूँ की फसल बेची जा रही है। पिछले सालों में ऐसा होता रहा है और इस बर्ष भी पंजीयन चालू हो चुके है। और फिर रबि फसल में बुंदेलखंड गौशाला का गेहूँ दूसरे के पंजीयन में सहकारी समिति में बेचा जाएगा। इसलिए प्रशासन को इस मामले को भी जांच के दायरे में लेना चाहिए ताकि गौशाला के नाम पर फर्जीवाड़ा ना हो सके।

# झारखंड से लापता युवती को छतरपुर के निर्वाणा फाउंडेशन ने परिवार से मिलवाया

**छतरपुर**। झारखंड के जमशेदपुर से लापता हुई 28 वर्षीय ऋचा कुमारी को छतरपुर स्थित निर्वाणा फाउंडेशन के प्रयासों से उसके परिवार से सुरक्षित मिलवाया गया। निर्वाणा फाउंडेशन के संचालक संजय सिंह ने बताया कि यह युवती मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण घर से बिना बताए निकल आई थी और कई दिनों तक लावारिस हालत में भटकती रही।

ऋचा कुमारी 6 दिसंबर 2025 को अपने घर से मात्र 50 रुपये लेकर निकली थी और अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ आई थी। मां एवं भाई के निधन के कारण वह कई सालों से गंभीर डिप्रेशन से जूझ रही थी। 11 दिसंबर को दमोह में लावारिस अवस्था में कोतवाली पुलिस को मिली, जहां से उसे वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया गया। वहां पूछताछ के दौरान वह अपने परिवार के बारे में कुछ नहीं बता पाई। सामाजिक न्याय विभाग के आदेश पर 31 दिसंबर को आश्रय के लिए छतरपुर के निर्वाणा फाउंडेशन भेज दिया गया।

फाउंडेशन में रहते हुए उसकी देखभाल की गई। शुरुआत में उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह बहुत गुस्सा होती, चिढ़चिढ़ाती रहती थी। धीरे-धीरे सुधार होने पर लगभग 15 जनवरी के आसपास उसने बताया कि मुझे जमशेदपुर ले चलो। 30 जनवरी को उसने जमशेदपुर के सुभाष चौक, पश्चिम मंदिर के पास का पता और एक मोबाइल नंबर लिखा तथा बताया कि उसका परिवार है।



संजय सिंह ने तुरंत उस नंबर पर संपर्क किया और परिवार वालों से बातचीत की। परिवार के सदस्य छतरपुर पहुंचे और ऋचा को घर ले गए। मिलन के दौरान परिवार के लोग भावुक हो उठे। ऋचा के पिता ने कहा, बिटिया मिल गई है, बहुत अच्छा लगा। यहां के सेवाभाव को देखकर आंसू आ गए। वहीं बहन गीता कुमारी ने बताया, बहुत ज्यादा खुश हूं। जब वह घर से निकली थी, तब से पूरा परिवार सदमे में था। हमें उम्मीद ही नहीं थी कि वह वापस मिल सकेगी।

# विद्युत पेंशनर्स का धरना: पेंशन भुगतान की गारंटी और महंगाई राहत की मांग



छतरपुर।

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर संयुक्त मोर्चा की छतरपुर शाखा ने आज विद्युत विभाग के बाहर टेंट लगाकर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक धरना प्रदर्शन किया। यह उनका द्वितीय चरण का आंदोलन है, जिसमें विद्युत पेंशनर्स अपनी प्रमुख दो मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास कर रहे हैं।

सुरेश बाबू खरे, प्रांतीय उपाध्यक्ष जबलपुर एवं छतरपुर शाखा के अध्यक्ष ने बताया कि पहले चरण में 23 दिसंबर 2025 को मुख्यमंत्री के नाम प्रत्येक जिले से ज्ञापन सौंपा गया था। इसके बावजूद अब तक कोई बैठक नहीं बुलाई गई और मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा, हमारी मांगों पर सुझाव देने और पेंशन की गारंटी लेने की मांग को लेकर आज यह धरना दिया जा रहा है। यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा विद्युत पेंशनर्स को पेंशन भुगतान की स्पष्ट और स्थायी गारंटी दी जाए। केंद्र सरकार की घोषणा के अनुसार प्रभावी तिथि एवं दर से महंगाई राहत का भुगतान किया जाए। संगठन ने स्पष्ट किया है कि वे सरकार से वार्ता के माध्यम से समाधान चाहते हैं।

## बागेश्वर धाम बन गया सामाजिक परिवर्तन का केंद्रः महामहिम राज्यपाल

### सप्तम कन्या विवाह महोत्सव में संतो सहित विशेष अतिथियों की लग रही हाजरी

# स्वामी विवेकानंद जैसे युगों युगों तक याद रहेंगे धीरेंद्र शास्त्री महाराजः मलूक पीठाधीश्वर



**छतरपुर**। बागेश्वर धाम में बुंदेलखंड का महाकुंभ अपने चरमोत्कर्ष पर है। बुधवार को मलूक पीठाधीश्वर पूज्य राजेंद्र दास महाराज, असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों एवं संतों ने अपनी हाजिरी लगाई बालाजी के दर्शन करने के पश्चात सभी ने मंच से लाखों श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया और कन्या विवाह महोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए सभी बेटियों को वैवाहिक जीवन की बधाई दी। मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास देवाचार्य महाराज ने कहा कि जिस तरह से स्वामी विवेकानंद जी ने पूरे विश्व में सनातन की पताका फहराई थी। इसी तरह युवा संत के रूप में बागेश्वर महाराज सनातन का कार्य कर रहे हैं। बागेश्वर महाराज को उनके कार्यों के साथ युगों युगों तक याद किए जाएंगे। असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने कहा कि बागेश्वर धाम में 301 बेटियों का कार्य अत्यंत पवित्र और पुण्य तथा महिमामय है। परमार्थ के कार्य के लिए ही साधु वेश में भगवान धरती पर आते हैं। उन्होंने कहा कि बागेश्वर महाराज किसी बेटी के माता-पिता, किसी के अभिभावक और किसी के संरक्षक बनाकर कार्य कर रहे हैं। मानवीय करुणा और सांस्कृतिक मूल्यों की वजह से उन्हें दुनिया में याद किया जा रहा है। उन्होंने कहा की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के साथ-साथ बागेश्वर धाम से बेटी को सजाओ का संदेश दिया जा रहा है। महामहिम राज्यपाल ने कहा कि बागेश्वर धाम अब सामाजिक परिवर्तन का केंद्र बन गया है। संतो के साथ महामहिम राज्यपाल ने गौशाला जाकर गौ दर्शन और गौ पूजन किया। इस अवसर पर गंगा दास महाराज, हनुमान गढ़ी के महंत राजू दास महाराज सहित अन्य संत उपस्थित रहे।

### समाज की निधि समाज को समर्पितः बागेश्वर महाराज

बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सभी संतो, अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी वाणी से कहा कि समाज के माध्यम से जो धनराशि प्राप्त होती है एवं मंदिर में जो भी चढ़ोतरी आती है वह गरीब बेटियों के विवाह में लगाई जाती है। समाज से प्राप्त होने वाली निधि को समाज को ही समर्पित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों से इस तरह का संदेश जाएगा तो कोई भी पिता अपनी बेटी को बोझ नहीं समझेगा। उन्होंने कहा कि महात्मा जिनकी बाह पकड़ लेते हैं भगवान उनका कभी साथ नहीं छोड़ते।

# पातालेश्वर धाम से बागेश्वर धाम तक निकली विशाल पद यात्रा



सामूहिक कन्या विवाह में सहयोग और धार्मिक जागरण का संदेश

**महाराजपुर**। बागेश्वर धाम में आयोजित होने वाले सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम को लेकर पातालेश्वर धाम सरकार, बुडरख से एक विशाल पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा महंत रामदास जी महाराज के सानिध्य में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुई।

पातालेश्वर धाम से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा भक्ति और उत्साह का अनुपम संगम बनकर उभरी। सैकड़ों श्रद्धालु हाथों में भगवा ध्वज लिए, जयकारे लगाते हुए और भजन-कीर्तन के साथ बागेश्वर धाम की ओर बढ़ते नजर आए। पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य बागेश्वर धाम में होने वाले सामूहिक कन्या विवाह में सहयोग प्रदान करना तथा धार्मिक-सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश समाज तक पहुंचाना था।

मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पदयात्रियों का जोरदार स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं के लिए जलपान, विश्राम और स्वल्पाहार की उचित व्यवस्था की गई। विशेष रूप से विक्रमपुर तिगैला में समाजसेवी गोली चौबे ने पदयात्रियों के लिए स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था कर उत्साह बढ़ाया। पूरे मार्ग में आस्था और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर महंत रामदास महाराज ने कहा, सामूहिक कन्या विवाह जैसे पुण्य कार्य में समाज के हर वर्ग को आगे आकर सहयोग करना चाहिए। यह हमारी संस्कृति और सामाजिक जिम्मेदारी का प्रतीक है।

# आठ देशों के राजदूतों सहित संत, महापुरुष देंगे बेटियों को आशीर्वाद

## बागेश्वर महाराज ने मीडिया को बताई आयोजन की विस्तृत रूपरेखा

**छतरपुर**। बागेश्वर धाम में शुरू हो चुके 10 दिवसीय कन्या विवाह महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति मिल चुकी है। बागेश्वर धाम पीठाधीश पं. धीरेंद्र शास्त्री ने बुधवार को मीडिया संवाद के माध्यम से हल्दी से पाणिग्रहण संस्कार तक की जानकारी से अवगत कराया। महाराज जी ने बताया कि अमेरिका सहित आठ देशों के राजदूत बेटियों को आशीर्वाद देने बागेश्वर धाम आ रहे हैं। इसके अलावा देशभर के महापुरुष, प्रख्यात संत एवं राजपीठ के लोग भी बेटियों को सुखमय जीवन का आशीर्वाद देंगे। उन्होंने बताया कि 10 दिवसीय सप्तम कन्या विवाह महोत्सव में 3 दिन का विशेष उत्सव आयोजित हो रहा है। 13 से 15 फरवरी तक का समय विशेष उत्सव का है। 13 फरवरी को हल्दी की रस्म होगी। 14 फरवरी को मेहंदी की रस्म और 15 फरवरी को विवाह होगा। दूर की बेटियों को एक दिन पहले बुलवाया गया है।



### बेटियों को यह मिलेगा उपहार

बेटियों को उपहार के रूप में श्री बालमुकुंद भगवान का विग्रह, बालाजी सरकार का विग्रह, श्री रामचरितमानस, वस्त्र, श्री बागेश्वर धाम कैलेंडर, गाय बछड़ा दिए जाएंगे इसके अलावा अन्य सामग्री में मंगलसूत्र, पायल, बिछिया, नाक की कील, कान की बाली टॉप्स, 7 साड़ियों का सेट, चांदी का सिक्का, श्रीफल चांदी कवर सहित, श्रृंगार दानी, चूड़ी सेट, डबल बेड, सोफा, ड्रेसिंग टेबल, अलमारी, गद्दे तकिया कवर सहित, बेडशीट, कंबल, ट्रॉली बैग, कलर एलइडी टीवी, सिलाई मशीन, सीलिंग फैन, वॉटर हिटर, इलेक्ट्रिक प्रेस, दीवाल घड़ी, गैस सिलेंडर, गैस चूल्हा, बर्तन सेट, प्रेशर कुकर, कलश स्टील, टिपारा, सूपा, खिचड़ी, बेला कांसा, मिक्सर ग्राइंडर, पानी का थर्मस, स्टील जग, लेडीज पर्स, रोल गोल्ड अंगूठी, अल्युमिनियम का मग्गा शामिल है। इस बार 30 हजार की एफडी की जा रही है जो वर और वधू के संयुक्त नाम से होगी।

### वर वधु पक्ष के स्वागत के साथ शुरू होगा विवाह महोत्सव

15 फरवरी को वर पक्ष एवं वधु पक्ष का स्वागत होगा। सभी को स्वल्पाहार मिलेगा। इसके बाद दूल्हे को घोड़ी पर बैठाकर उनकी बारात निकाली जाएगी। सभी दूल्हे आयोजन स्थल पर पहुंचेंगे। इसके बाद 50-50 जोड़ों के वरमाला होंगे। वरमाला के बाद वर वधु को मंडप में पहुंचाया जाएगा। हर मंडप का एक प्रभारी रहेगा। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्वान ब्राह्मण विवाह की अन्य रस्में संपन्न कराएंगे। पाणिग्रहण संस्कार के बाद बेटियों की विदा होगी। वर वधू पक्ष को समूचे कार्यक्रम में हिस्सा लेने में कोई कठिनाई न आए इसलिए सभी को कार्ड और वाहन पास उपलब्ध कराए गए हैं।

### नेपाल के अलावा 10 राज्यों की 302 बेटियों का हुआ चयन

सप्तम कन्या विवाह महोत्सव में कुल 1648 फॉर्म आए थे जिनकी जांच करने पर 1233 फॉर्म सही पाए गए थे। जिन कन्याओं के विवाह होने हैं उनमें 60 बेटियां अनाथ है, आठ बेटियां दिव्यांग हैं। 138 बेटियां पितृ हीन, 28 बेटियां मातृहीन, 23 बेटियां वे हैं जिनके माता-पिता दिव्यांग हैं।और 43 बेटियां अति गरीब परिवार से है। कुल 302 बेटियों में से 77 बेटियां अनुसूचित जाति, 28 अनुसूचित जनजाति,173 अन्य पिछड़ा वर्ग तथा 24 बेटियां सामान्य वर्ग से हैं। मध्य प्रदेश से 229, उत्तर प्रदेश से 56, दिल्ली, महाराष्ट्र से दो, नेपाल से एक के अलावा छत्तीसगढ़, राजस्थान, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल हरियाणा से बेटियों का चयन हुआ है।



# कलेक्टर के प्रयासों से आकांक्षी जिला छतरपुर को मिला खेल सुविधाओं का नया तोहफा

**छतरपुर**। छतरपुर शहर को खेल और युवा विकास के क्षेत्र में एक नई सौगात मिली है। नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिलों में शामिल छतरपुर जिले के लिए स्वीकृत बजट से सिंचाई कॉलोनी में 2 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू हो गया है।

इस परियोजना का भूमिपूजन आज विधायक ललिता यादव और जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने संयुक्त रूप से किया। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के विशेष प्रयासों और प्रभावी समन्वय से यह महत्वपूर्ण परियोजना मंजूर हुई, जो जिले के युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराएगी और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाओं को निखारने में मदद करेगी।

यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मात्र 6 महीने में बनकर तैयार हो जाएगा। निर्माण कार्य की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पूरी तत्परता से जुटा हुआ है। भूमिपूजन समारोह में एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार पीयूष दीक्षित सहित अन्य अधिकारी और ठेकेदारगण मौजूद रहे। यह परियोजना छतरपुर जिले के खेल जगत के लिए मील का पत्थर साबित होगी, जहां युवा विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण लेकर आगे बढ़ सकेंगे। कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने कहा कि जिले को आकांक्षी जिला बनने का लाभ मिल रहा है और ऐसी परियोजनाएं युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## खबर संक्षेप

### आचार्य राजेन्द्र दास का उप मुख्यमंत्री ने किया आत्मीय स्वागत



रीवा । पीठाधीश्वर आचार्य राजेन्द्र दास महाराज का हेलीकाप्टर द्वारा रीवा एयरपोर्ट में आगमन हुआ। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने आचार्य का स्वागत वंदन कर आत्मीय अभिनंदन किया। राजेन्द्र दास महाराज तदुपरांत उप मुख्यमंत्री के अमहिया स्थित निवास पहुंचे जहाँ उप मुख्यमंत्री ने सपत्नीक आचार्य का चरण पखारकर आशिर्वाद किया तथा महाराज को श्रीफल व गौमाता की मूर्ति भेंट की।

### मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत की गयी जांच

रीवा । मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर एसडीएम त्योंथर के नेतृत्व में संभागीय उड़न दस्ता प्रभारी अमरीश दुबे एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी साबिर अली द्वारा इलाहाबाद रोड चाकघाट स्थित ढाबों की जांच का अभियान आरंभ किया गया। जांच के दौरान सर्वप्रथम अन्नपूर्णा ढाबा चाकघाट की जांच की गई। ढाबे मैं गंदगी में खाद्य पदार्थों का संग्रह एवं विक्रय किया जा रहा था। ढाबे से दाल एवं चावल के नमूने लिए गए। इसके पश्चात चंदिया स्थित संगम ढाबा की जांच की गई जहां खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कोई लाइसेंस नहीं पाया एवं संचालक शिवलखन यादव द्वारा खुले में खाद्य पदार्थों को तैयार करके रखा जा रहा था एवं किचन में अत्यधिक गंदगी पाई। संचालक के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान मिश्रा ढाबा गंग तीरा की जांच की गई जांच के दौरान पनीर एवं खड़े धनिया के नमूने शंका के आधार पर जांच हेतु लिए गए हैं पूर्व में भी महाकुंभ के दौरान मिश्रा ढाबा से लिया गया दही का नमूना अव मानक पाए जाने से प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। जांच के दौरान बाघेड़ी स्थित ललू मिष्ठान भंडार से शंका के आधार पर पनीर एवं दूध के नमूने भी जांच हेतु लिए गए हैं। ढाबों की जांच का अभियान लगातार जारी रहेगा।

### राजेन्द्र दास आज से करेंगे गौ कथा एवं गौ आधारित खेती पर कथा

रीवा। बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में 12 फरवरी से 14 फरवरी तक जगदगुरू द्वाराचार्य अग्रपीठाधीश्वर एवं श्रीमलूक पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास महाराज अपनी अमृतवाणी से गौकथा एवं गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर कथा करेंगे। यह आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस दिव्य आयोजन के माध्यम से गौसंरक्षण, गौ आधारित प्राकृतिक खेती एवं सनातन मूल्यों को नई दिशा और सशक्त प्रोत्साहन मिलेगा। गौ अभ्यारण्य परिसर में आयोजित होने वाली कथा अप्रतिम व भव्य होगी। उप मुख्यमंत्री ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त गौ भक्त एवं गौ कथा वाचक राजेन्द्र दास की कथा का श्रवण करने का सभी से आह्वान किया है।

### सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चिन्हित ब्लैक स्पाट का स्थल भ्रमण कर रिपोर्ट दें

रीवा । कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में सड़क सुरक्षा समिति से संबंधित बैठक में कलेक्टर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लगातार कार्यवाही करें। ब्लैक स्पाटों का संबंधित विभागीय अधिकारी स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। अतः वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूकता अभियान चलायें तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर लगातार कार्रवाई करें। उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु की डेथ ऑडिट कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, एडिशनल एसपी आरती सिंह, सभी एसडीएम, आरटीओ एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शिविरों का आयोजन

रीवा । रीवा एवं मऊगंज के चिन्हांकित दिव्यांग बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी करने के लिए शिविर आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले के सभी बच्चों (जन्म से 18 वर्ष) में दिव्यांगता की पहचान के लिए स्क्रीनिंग कर चिन्हांकन की कार्यवाही पूर्ण करायी गयी थी। चिन्हांकित बच्चों को शिविर के माध्यम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे। जनपद पंचायत रायपुर में 16 फरवरी को, सिरमौर में 17 फरवरी को, जवा मे 18 फरवरी को, त्योंथर में 19 फरवरी को तथा जिला दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र रीवा में 20 फरवरी को शिविर आयोजित होंगे।

## जलीय कृषि बीमा योजना से मछली पालक किसानों को मिलेगी आर्थिक सुरक्षा

# मछली पालक किसानों को मिलेगा बीमा योजना का लाभ

रीवा ।




प्रधानमंत्री मत्स्य कृषक समृद्धि सह योजना के अंतर्गत मछलीपालक किसानों और मछुआरों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। मछलीपालक किसानों और मछुआरों को बीमा योजना का लाभ दिया जाएगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में गत दिवस आयोजित बीमा जागरूकता कार्यक्रम में उप संचालक मछलीपालन विभाग डॉ. अंजना सिंह ने बताया कि जलीय कृषि से जुड़े किसानों के लिए बीमा योजना सुरक्षा कवच का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के तहत नेशनल फिशरीज डिजिटल पोर्टल पर बीमा उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं, जहां मछलीपालक किसान ऑनलाइन पंजीयन कर बीमा खरीद सकते हैं और सीधे एकमुश्त प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिले में मछली पालन को संगठित, सुरक्षित और लाभकारी बनाने के लिए विभाग निरंतर प्रयासरत है। जलीय कृषि बीमा योजना से न केवल मत्स्यपालकों का जोखिम कम होगा, बल्कि जिले में मत्स्य उत्पादन को भी नई दिशा और गति मिलेगी।बीमा जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय मत्स्यकीय विकास बोर्ड हैदराबाद द्वारा निर्देश के अनुपालन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मत्स्यपालकों को योजना के तहत लागू मत्स्यपालन बीमा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, रोग अथवा अन्य जोखिमों से होने वाले नुकसान की भरपाई कर मत्स्यपालकों को वित्तीय संबल प्रदान करना है। कार्यक्रम में एनएफडीबी के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन वेबिनार के माध्यम से बीमा योजना की प्रक्रिया, शर्तें और लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। मछलीपालक किसानों को बताया गया कि योजना के अंतर्गत बीमा प्रीमियम का 40 प्रतिशत भाग भारत सरकार द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप वहन किया जाएगा। प्रति किसान अधिकतम 4 हेक्टेयर जलक्षेत्र तक बीमा पर प्रोत्साहन देय होगा, जिसकी अधिकतम सीमा एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। योजना के तहत मछलीपालक किसान अपने तालाब, केज कल्चर, बायोफ्लॉक, आरएएस जिनमें मछलीपालन किया जाता है, उसके स्ट्रेक्चर सहित का बीमा करा सकते हैं। जो किसान इस बीमा योजना का लाभ लेना चाहते हैं वे विस्तृत जानकारी के लिए मछलीपालन विभाग अथवा एनएफडीबी के टोल फ्री नम्बर 18004251660 पर फोन कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मत्स्यपालकों को एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीयन एवं बीमा कराने में सीएससी अधिकारियों का सहयोग लेने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि अधिक से अधिक किसान योजना का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में जिले के चयनित मछलीपालक विशेषकर झींगा एवं उन्नत मछलीपालन से जुड़े अनुभवी किसान स्टाफ, सीएससी अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## रेलवे स्टेशन में गो एण्ड ड्रॉप हाईटेक पार्किंग जनता के साथ छलावा




रीवा।

रीवा रेलवे स्टेशन की पार्किंग हाईटेक कर उक्त नवीन प्रणाली के तहत स्टेशन में ड्रॉप एण्ड गो जोन को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया गया है इस जोन का उपयोग केवल यात्रियों को छोड़ने अथवा लेने के लिए किया जा सकेगा। 5 मिनट तक वाहनों को रोकने का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि पांच मिनट से अधिक समय तक खड़ा पाया जानेपर पेनाल्टी सहित 47 रुपए शुल्क वसूला जाएगा। यानी कुल मिलाकर हाईटेक पार्किंग के तहत ड्रॉप एण्ड गो जो सीधे-सीधे जनता के साथ छलावा किया जा रहा है। इसके लिए तीन द्वारों की व्यवस्था की गई है गेट नंबर 1 प्रवेश के लिए, गेट-2 वीआईपी प्रवेश । निकास तथा गेट-3 सिर्फ निकास के लिए निर्धारित किया गया है। ड्रॉप एण्ड गो में निर्धारित किए गए पांच मिनट तो वाहन अंदर आने में ही समाप्त हो जाएंगे। गेट नंबर 1 से वाहन अंदर आएगा, चालक उतरेगा, डिग्गी खोलेगा, सामान उतारेगा, सामान उतारने के बाद डिग्गी बंद करेगा, इसके पश्चात गेट नंबर-3 से वाहन बाहर लाएगा, इतना सब करने के दौरान ही उसके पांच मिनट कब समाप्त हो जाएंगे उसे भी पता नहीं चल पाएगा, बाहर आते-आते समय निकल जाएगा,और वाहन चालक से तीन गुना पेनाल्टी वसूली जाएगी। इस व्यवस्था से पार्किंग स्थल पर विवाद की स्थिति भी निर्मित होगी। ड्रॉप एण्ड गो जोन का उल्लंघन करने पर जहां तीन गुना पेनाल्टी वसूली जा रही है वहीं इसके लिए निर्धारित किया गया समय उतने ही गुना किया होता तो लोगों को बात हजम हो सकती है अन्यथा सीधे तौर पर छल ही कहा जा सकता है।

## जिले के अस्पतालों में नहीं है रेडियोलॉजिस्ट व रेडियोग्राफर

**मरीजों को प्राइवेट केन्द्रों में करानी पड़ रही जांच, एमबीबीएस डॉक्टर्स व स्त्री रोग विशेषज्ञों को किया जा रहा प्रशिक्षित**

रीवा।




जिले के सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी व एक्स-रे जैसी जांचों के लिए पर्याप्त रेडियोग्राफर व रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं। सबसे बड़ी समस्या रेडियोलॉजिस्ट की है, क्योंकि जिला अस्पताल में ही रेडियोलॉजिस्ट नही है। ग्रामीण अंचलों के अस्पतालों में एक भी रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं। ग्रामीण अंचल से लोग जिला अस्पताल पहुंचते हैं और यहां से उनको सोनोग्राफी जैसी सुविधा के लिए बाहर प्राइवेट केन्द्रों का रास्ता दिखा करने पड़ते हैं। हैरानी की बात है कि जाता है, जहां उनको रुपए खर्च इस मामले को लेकर कई बार मांग हो चुकी लेकिन अभी तक जिला अस्पताल सहित ग्रामीण अंचल पर स्वास्थ्य केन्द्रों में रेडियोलॉजिस्ट नहीं पदस्थ किए गए। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के दावे के बीच सोनोग्राफी जैसी जांचे न हो पाना बड़े सवाल खड़े कर रहा है। अधिकतर ब्लॉकों में रेडियोग्राफर तक नहीं जिससे एक्स-रे जैसी जांचे भी प्रभावित हो रहीं हैं। लाखों की मशीनें धूल खा रहीं हैं उन्हें अभी तक है। शुरू नहीं किया जा सका। इनकी कमी पूरी करने के लिए स्वास्थ्य विभाग एमबीबीएस और स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉक्टरों को 40 दिन से लेकर 6 माह तक का कोर्स कराता है लेकिन कोर्स करने वाले डॉक्टर्स की संख्या बेहद कम है। इसका खामियाजा क्षेत्र के मरीजों को उठाना पड़ रहा है। रेडियोलॉजिस्ट और रेडियोग्राफर के अभाव में सतना जैसी घटना रीवा में भी सामने आ सकती है। नियमानुसार सभी जगह रेडियोलॉजिस्ट होना चाहिए लेकिन किसी भी ग्रामीण अस्पताल में नहीं है वही बता दे कि जिला अस्पताल में महिलाओं की सोनोग्राफी की जा रही है लेकिन यह भी चिकित्सकों के मन के मुताबिक ही होती है, यदि चिकित्सकों का मन है तो वह सोनोग्राफी करेंगे अथवा बाहर प्राइवेट केन्द्रों का रास्ता दिखा जाता है, यही हाल सिविल अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में है। जिससे गर्भवती महिलाओं को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है एसजीएमएच में भी भारी भीड़ होने से परेशानी होती है।कैसे कम हो शिशु-मातृ दर गर्भवती महिला को प्रसव काल में कम से कम 3-4 सोनोग्राफी जांच की जरूरत होती है, जबकि जांच की सुविधा सिर्फ जिला मुख्यालय में ही हो पाती है। जिले में हर माह करीब 5000 प्रसव होते है, ऐसे में जहां प्रसूताओं को प्रति जांच 1200 से लेकर 4000 रुपए तक का खर्च होता है। एसजीएमएच में फ्री में सोनोग्राफी कराने के लिए सुबह 9 बजे से ही कतारें लग जातीं हैं 150 करीब जांचें प्रतिदिन होती हैं और 40 से अधिक मरीजों को बिना जांच के ही लौटना पड़ता है। यदि जांचें ही नहीं हो पाएंगी तो शिशु-मृत्यु दर कम कैसे हो पाएगी।

## शौच के लिए निकली किशोरी से दुष्कर्म, बगीचे में अचेत अवस्था में मिली

रीवा।



जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शौच के लिए घर से निकली किशोरी को रास्ते में रोककर एक युवक द्वारा कथित रूप से अपहरण कर सुनसान बगीचे में ले जाया गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार अलसुबह किशोरी घर से शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे एक युवक ने उसे जबरन पकड़ लिया। किशोरी द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद आरोपी उसे पास स्थित एक बगीचे में ले गया और वारदात को अंजाम दिया। इधर, काफी देर तक किशोरी के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों के साथ मिलकर तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान किशोरी एक बगीचे में बदहवास और अचेत अवस्था में मिली। किशोरी को तत्काल उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया। होश में आने पर दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फेसबुक पर दोस्ती और फिर दुष्कर्म,17 वर्षीय किशोरी ने मृत नवजात को दिया जन्म, आरोपी पर पाक्सो के तहत मामला दर्ज

रीवा। सोशल मीडिया पर हुई एक दोस्ती ने 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी की जिंदगी को गहरे संकट में डाल दिया। जिले में 17 वर्षीय पीड़िता ने गांधी स्मृति चिकित्सालय के गायनी विभाग में मृत नवजात को जन्म दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की, जिसके बाद पूरी घटना का खुलासा हुआ। जानकारी के अनुसार, कुछ समय पहले पीड़िता की फेसबुक के माध्यम से रीवा शहर के एक युवक से पहचान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और निकटता भी बढ़ती गई। आरोप है कि युवक ने शादी का वादा कर किशोरी से शारीरिक संबंध बनाए। इसी दौरान वह गर्भवती हो गई। परिजनों का कहना है कि गर्भधारण की जानकारी सामने आने के बाद आरोपी ने उससे दूरी बना ली और फोन व सोशल मीडिया के जरिए संपर्क पूरी तरह समाप्त कर दिया। सामाजिक बदनामी के भय से पीड़िता और उसके परिवार ने इस घटना को सार्वजनिक नहीं किया। हालांकि, प्रसव पीड़ा होने पर किशोरी को गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उसने मृत शिशु को जन्म दिया। अस्पताल प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान थाना पुलिस सक्रिय हुई। जांच की जिम्मेदारी सगरा थाना प्रभारी अंकिता मिश्रा को सौंपी गई। उन्होंने अस्पताल पहुंचकर पीड़िता का बयान दर्ज किया। बयान के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की दुष्कर्म से संबंधित धाराओं और पॉक्सो (पोक्सो) एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## पुलिस ने सेना मे भर्ती होने के लिए रवाना हुए युवाओं को दिखाई हरी झंडी



मऊगंज। पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी के निर्देशन में एसडीओपी सचि पाठक के मार्गदर्शन में सेना की भर्ती में शामिल होने जा रहे बच्चों एवं बच्चियों को पुलिस ग्राउंड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर एसडीओपी सचि पाठक एवं यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने सभी अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अनुशासन, परिश्रम और आत्मविश्वास के साथ भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने की प्रेरणा दी। एसडीओपी सचि पाठक ने कहा कि सेना में भर्ती होना केवल नौकरी नहीं, बल्कि देश सेवा का अवसर है। उन्होंने युवाओं को पूरी निष्ठा और लगन से प्रयास करने का संदेश दिया।यातायात प्रभारी नरेश प्रताप सिंह ने भी सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित यात्रा एवं सफलता की कामना की। पुलिस विभाग द्वारा युवाओं के मनोबल को बढ़ाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिससे अभ्यर्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला।पुलिस ग्राउंड में आयोजित इस कार्यक्रम में अभ्यर्थियों के परिजन एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। सभी ने युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और सफलता की कामना की।

## समाजसेविका बानी पटनायक का निधन, समाजवादी पीढ़ी के लिए बड़ा सूनापन

**जन संगठनों ने दी विनम्र श्रद्धांजलि**



रीवा । समता सम्पर्क अभियान एवं नारी चेतना मंच की संरक्षक मार्गदर्शिका बानी मंजरी दास पटनायक पत्नी समाजवादी चिंतक पूर्व सांसद स्वर्गीय किशन पटनायक का निधन बुधवार 11 फरवरी को प्रातः काल 5:30 बजे भुवनेश्वर उड़ीसा के अस्पताल में गला,फेंफड़ा संक्रमण और हृदय संबंधित उपचार के दौरान हो गया। जन संगठनों की ओर से स्थानीय स्वयंवर बारातघर में उड़ीसा शराब विरोधी आंदोलन की नेत्री बानी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने बताया कि बानी जी का पहली बार रीवा आगमन नारी चेतना मंच के वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में फरवरी 2021 में हुआ था। इसके बाद फरवरी 2024 में वह दूसरी और अंतिम बार रीवा आईं। बानी जी केंद्रीय विद्यालय में संगीत शिक्षिका के रूप में पदस्थ रहीं और फिर सेवानिवृत्त के बाद उन्होंने उड़ीसा में शराबबंदी आंदोलन को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें बांग्ला उड़िया मराठी हिंदी अंग्रेजी भाषा पर अच्छा खासा ज्ञान था। वह विभिन्न भाषाओं में शास्त्रीय गायन करती थीं। आकाशवाणी के अलावा भारत के बाहर भी उन्होंने गायन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। 11 जून 1969 को किशन जी के साथ वैवाहिक जीवन में आने से पहले बानी जी राष्ट्र सेवा दल में प्रशिक्षित थीं। वह राष्ट्र सेवा दल की आजीवन ट्रस्टी थीं। गत वर्ष अप्रैल 2025 में केरल के कोझिकोड में आयोजित समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में बानी जी के नेतृत्व में समता सम्पर्क अभियान के सात लोगों ने भाग लिया था। बानी जी ने जून 2024 में पुरी में संमता सम्पर्क अभियान का शिविर करवाया था। जामताड़ा झारखंड में बजरंग सिंह के आश्रम में किशन जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 27 सितंबर 2023 को आयोजित कार्यक्रम की बानी जी मुख्य वक्ता थीं। नवंबर 2024 को पटना में आयोजित समता सम्पर्क अभियान के कार्यक्रम में वह काफी सक्रिय थीं। अपने अंतिम समय तक वह देश समाज के लिए चिंतन मनन करती रहती थीं। देश के अघोषित आपातकाल को लेकर उनकी नाराजगी किसी से छिपी नहीं थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तानाशाहीपूर्ण कार्य प्रणाली को लेकर बानी जी अक्सर कहतीं थीं कि यह मोदी देश को बर्बाद कर रहा है। उन्होंनें खामोशी तोड़ते वे दिन किताब में अपनी जीवन गाथा का खुला चित्रण करते हुए सामाजिक एवं राजनीतिक व्यवस्था को झकझोरा है। किशन जी और बानी जी ने कोई संतान पैदा नहीं करने का संकल्प पूरा किया। किशन जी के बाद इधर बानी जी का चले जाना समाजवादी पीढ़ी के लिए बहुत बड़ा सूनापन है। किशन जी के भांजे कम्बू पटनायक से अभी हुई बातचीत से पता चला कि बानी जी का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को दान किया जा रहा है।श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से अजय खरे, मीरा पटेल, नजमुन निशा, बृजवासी तिवारी, शेषमणि शुक्ला, डॉक्टर श्रद्धा सिंह, शैलजा तिवारी, सुनीता रजक, एडवोकेट दीपक गुप्ता, सतीश कुशवाहा, नरेश साहू आदि मौजूद रहे।

## मऊगंज उपजेल में रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल कैदियों से वसूली के आरोपों में प्रहरी निलंबित

मऊगंज




उपजेल में कैदियों और उनके परिजनों से अवैध रूप से पैसे लेने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पैसे की मांग और लेन-देन से जुड़ा वीडियो व स्क्रीनशॉट सामने आने के बाद जेल प्रशासन हरकत में आया। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर उपजेल मऊगंज में पदस्थ प्रहरी प्रकाश सिंह बघेल को निलंबित कर दिया गया है।मामला मंगलवार दोपहर उस समय उजागर हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो और कुछ स्क्रीनशॉट वायरल हुए। इनमें उपजेल मऊगंज का एक प्रहरी कैदी से पैसे की मांग करता और कैदी द्वारा पैसे दिए जाने के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। वीडियो संज्ञान में आने के कुछ ही घंटों के भीतर जेल अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रहरी को निलंबित कर दिया।इस पूरे मामले की शिकायत चितईपुरवा गांव निवासी अम्ब्रीश (अमरेश उर्फ पिंटू) द्विवेदी ने कलेक्टर मऊगंज को पत्र लिखकर की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 16 दिसंबर 2025 को उपजेल मऊगंज लाए जाने के बाद प्रहरी प्रकाश सिंह बघेल ने उसे और अन्य बंदियों के साथ करीब दो घंटे तक मारपीट की। इसके बाद परिजनों से मोबाइल के जरिए पैसे मंगवाए गए। आरोप है कि पहले 20 हजार, फिर जेलर के नाम पर 20 हजार और लिए गए। इसके अलावा हर मुलाकात पर परिजनों से 1000 से 4000 तक की वसूली की जाती थी।शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाए गए कि पैसे न देने पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जाती थी। जेल में अवैध रूप से नशे की सामग्री (बीड़ी, सिगरेट, शराब) की सप्लाई कर मोटी रकम वसूली जाती थी। साथ ही खाने की गुणवत्ता बेहद खराब होने, लकड़ी चोरी कर खाना बनवाने और निरीक्षण से पहले बंदियों को धमकाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए।शिकायत मिलने पर केंद्रीय जेल अधीक्षक द्वारा प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने प्रहरी प्रकाश सिंह बघेल को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय जिला जेल अनूपपुर नियत किया गया है और उसे जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।केंद्रीय जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि संबंधित प्रहरी के खिलाफ पहले भी शिकायतें मिल चुकी थीं और पूर्व में भी उस पर कार्रवाई हो चुकी है। फिलहाल पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।